सोमवार
29 जनवरी 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

बोरसी से आग तापने में झुलसने से दूसरी क्लास की छात्रा की मौत

2

चट इस्तीफा-पट शपथ, नीतीश बने नौवीं बार सीएम

केटी न्यूज/पटना

पिछले तीन दिनों से चल रही हलचल रविवार को समाप्त हो गई। नीतीश कुमार ने महागठबंधन से नाता तोड़ते हुए पुनः राजग गठबंधन का हिस्सा बन गये है। उन्होंने रविवार की सुबह अपना इस्तीफा राजभवन में सौंपा। देर शाम रिकार्ड नौवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा की ओर से सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वहीं दूसरी ओर जब नीतीश कुमार जब मुख्यमंत्री की शपथ ले रहे थे। तब राजभवन में मोदी-मोदी के नारे लग रहे थे। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष रहे विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। बिहार में एनडीए की नई सरकार का गठन हो गया है। नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। नवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद नीतीश कुमार पहली बार मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि हम पहले भी बीजेपी के साथ थे और आगे भी रहेंगे, अब इधर उधर जाने का सवाल नहीं है। उन्होंने ये भी बताया कि बहुत जल्दी मंत्रिमडंल का विस्तार होगा। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के विकास के काम को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हम पहले भी साथ थे। बीच में कहीं गए और फिर इधर हमारी पार्टी के लोगों को लग रहा था और ये तय हो गया कि अब हम लोग हमेशा के लिए एक साथ रहेंगे। हमारे अलावे आठ लोगों का शपथ हो गया है। बाकी जो बचे हैं, उनका भी जल्दी शपथ हो जाएगा। नीतीश कुमार ने पिछले महीने जब पार्टी की कमान ललन सिंह से अपने हाथ में ले ली थी तभी से राज्य में सरकार बदलने की सुगबुगाहट थी। उन्होंने एक कदम आगे बढ़ते हुए इंडिया गठबंधन के संयोजक पद का ऑफर भी ठुकरा दिया था। इसके बाद से सबकी निगाहें उनके अगले कदम पर थी। इस बीच केंद्र सरकार की ओर से कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा कर दी गई। नीतीश कुमार ने खुलकर इसके लिए पीएम मोदी का आभार जताया बल्कि परिवारवाद को लेकर जो बयान दिया उससे माना जाने लगा कि जेडीयू और आरजेडी गठबंधन में दरार आ गई है। आखिरकार रविवार सुबह नीतीश कुमार ने महागठबंधन से अलग होने का औपचारिक एलान भी कर दिया। उधर, पीएम मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर नीतीश कुमार को बधाई दी और कहा कि एनडीए गठबंधन की सरकार राज्य के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार में मंत्री पद के रूप में शपथ लेने पर भाजपा के नेता सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को भी बधाई दी तथा विश्वास जताया कि बिहार सरकार की नई टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के लोगों की सेवा करेगी। एनडीए की सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री और सम्राट चौधरी जी एवं विजय सिन्हा जी को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर मेरी बहुत-बहुत बधाई।

बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल
पहला कार्यकाल (2000)
दूसरा कार्यकाल (2005-2010)
तीसरा कार्यकाल (2010-2014)
चौथा कार्यकाल (2015)
पांचवां कार्यकाल (2015 - 2017)
छठा कार्यकाल (2017 - 2020)
सातवां कार्यकाल (2020-2022)
आठवां कार्यकाल (2022 - 2024)
नौवां कार्यकाल (2024 - वर्तमान)

नीतीश के साथ कुल 8 मंत्रियों ने शपथ ली। हालांकि यह संभावना व्यक्त की जा रही है कि अन्य मंत्रियों को भी जल्द शपथ ग्रहण कराते हुए विभाग दिया जाएगा। सभी का संक्षिप्त ब्योरा नीचे दिया गया है...

उपमुख्यमंत्री
1. सम्राट चौधरी (भाजपा)
2. विजय सिन्हा (भाजपा)

मंत्री
3. डॉ. प्रेम कुमार (भाजपा)
4, विजेंद्र प्रसाद (जदयू)
5. श्रवण कुमार (जदयू)
6. विजय कुमार चौधरी (जदयू)
7. संतोष कुमार सुमन (हम)
8. सुमित सिंह (निर्दलीय)

खेल अभी खत्म नहीं हुआ, अभी बहुत कुछ बाकी है, 2024 में ही जेडीयू खत्म हो जायेगी : तेजस्वी

केटी न्यूज/पटना

सरकार से हटने के बाद तेजस्वी यादव की पहली प्रतिक्रिया आयी है. तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के पलटी मारने से खेल खत्म नहीं हुआ। खेला अभी बाकी है. इंतजार करिये, आगे क्या होगा। राजद नेता ने कहा-हमने एक थके हुए बिना विजन के सीएम को धक्का देकर काम करवाया था। हमने 17 साल में जो काम किया वह नीतीश कुमार 17 साल में नहीं कर पाये थे। अब आगे आगे देखिये क्या होता है. तेजस्वी बोले-लिखकर ले लीजिये जनता दल यूनाइटेड नाम की पार्टी 2024 में ही खत्म हो जायेगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के पाला बदलने से हम निराश और नाराज नहीं हैं। हम संयम बरतेंगे। हम जनता के पास जायेंगे। जनता हमारे साथ है। हमने बड़े संयम से नीतीश कुमार के साथ गठबंधन धर्म का पालन किया था. हम कुछ उद्देश्य को लेकर नीतीश कुमार के साथ गये थे। मैंने उसे पूरा करने की पूरी कोशिश की। लेकिन नीतीश कुमार ने उसकी हत्या कर दी।

नीतीश ने नहीं मैंने काम किया

तेजस्वी यादव ने दावा किया कि 9 अगस्त 2022 को नीतीश कुमार के साथ सरकार बनाने के बाद सारा काम राजद ने किया। तेजस्वी बोले-वे तो थके हुए मुख्यमंत्री थे। याद है न वे कहते थे कि नौकरी कहां से देंगे। कहां से पैसे लायेंगे। लेकिन जब 9 अगस्त 2022 को हमारे साथ सरकार बनायी तो 15 अगस्त 2022 को गांधी मैदान में अलग भाषा बोलने लगे। तेजस्वी यादव ने कहा है कि जो मुख्यमंत्री कहते थे कि नौकरी देना असंभव है उनसे हमने काम करवाया। राजद के पास शिक्षा विभाग था और हमने 70 दिनों के अंदर दो लाख लोगों को नौकरी दी। हमारे सरकार में आने से पहले कभी नीतीश कुमार ने नियुक्ति पत्र बांटा था क्या। हमने नियुक्ति पत्र दिलवाना शुरू करवाया। उसके बाद केंद्र सरकार भी नियुक्ति पत्र बांटने लगी। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि राजद के पास जो विभाग थे सिर्फ उनमें काम हुए। हमारे पास पर्यटन विभाग था तो राज्य में नयी पर्यटन नीति आयी। आईटी विभाग राजद के पास था तो नयी आईटी पॉलिसी बनी। राजद ने खिलाडियों के लिए पॉलिसी बनवायी कि मेडल लाओ और नौकरी पाओ। हमने शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया। राज्य के अस्पतालों को सुधार दिया। राजद के 17 महीने में जो काम हुआ वह नीतीश ने 17 साल में नहीं किया था।

नीतीश ने रोक ली थी नियुक्ति की फाइल

तेजस्वी यादव ने कहा कि वे पब्लिक हेल्थ कैडर बनाने जा रहे थे। जिसमें लाखों नियुक्तियां होनी थी। लेकिन नीतीश कुमार ने उस फाइल को रोक लिया। पिछले दो कैबिनेट से फाइल को कैबिनेट में आने नहीं दिया गया। नीतीश कुमार के पास कोई विजन नहीं था, सारा विजन राजद का था। तेजस्वी ने कहा-मैं जो कहता हूं वही करता हूं।

अभी खेला बाकी है

तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार को खुद नहीं पता होता कि वे क्या कह रहे हैं। मैं उनके बारे में कोई व्यक्तिगत बात नहीं कहूंगा। लेकिन, आगे आगे देखिये क्या होता है। अभी खेला बाकी है। अभी बहुत कुछ होना है। तेजस्वी बोले-आप लिख कर ले लीजिये जनता दल यूनाइटेड नाम की पार्टी 2024 में ही खत्म हो जायेगी। उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन मजबूत है और उसकी ताकत आगे दिखेगी। बिहार में जो हुआ है वह अच्छे के लिए हुआ है। तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं बीजेपी को भी बधाई देता हूं कि उसने नीतीश कुमार के साथ सरकार बना ली।

स्वच्छताकर्मियों के लिए सुनिश्चित करेंगे न्यूनतम मानदेय की गारंटी : मुख्यमंत्री

केटी न्यूज/गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हरहाल में मिलनी चाहिए। सरकार जल्द ही इसे पूरे प्रदेश में सुनिश्चित कराएगी। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। मानदेय के साथ स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के विजन से गोरखपुर एक ब्रांड बन गया है। रामगढ़ताल और उसके आसपास का क्षेत्र फॉरेन कंट्री सा लगता है। विकास के साथ सफाई के मामले में भी गोरखपुर नजीर पेश कर रहा है। उन्होंने सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कहा कि पीएम मोदी भी सफाईकर्मियों के चरणों का वंदन करते हैं। स्वागत संबोधन में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने नगर निगम की उपलब्धियों और परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आभार ज्ञापन विधायक विपिन सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, पूर्व महापौर श्रीमती अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

नीतीश का वापस आना बिहार के लिए सुखद :जेपी नड्डा

केटी न्यूज/पटना

बिहार में नीतीश कुमार ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। बिहार में एनडीए की नई सरकार बन गई है। नीतीश कुमार बिहार के 9वीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। वही सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा डिप्टी सीएम बन गये हैं। राजभवन में नीतीश कुमार सहित 8 मंत्रियों ने आज पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। शपथग्रहण समारोह के बाद जेपी नड्डा पटना स्थित बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी। वही मंत्री बने बीजेपी नेताओं को भी बधाई थी। जेपी नड्डा ने कहा कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बन गयी है। एनडीए की नई सरकार में नीतीश कुमार की वापसी बिहार के लिए सुखद है। अब एनडीए की सरकार में बिहार का विकास तेजी से होगा। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन बिहार के लिए बेहद जरूरी था। भारत की जनता पीएम मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रही है। अब बिहार की जनता नीतीश जी के नेतृत्व में आगे बढ़ेंगी। बिहार में नई एनडीए की सरकार बन गई है।

A Truly English Medium School
ST. JOHN SECONDARY SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi ,+2 Level
2024-25 ADMISSION & Registration ARE OPEN
Education Is The Most Powerful Weapon Which you Can Use to Change The World
HURRY UP!
YOUR CHILD DESERVE THE BEST EDUCATION
Contact No. 7909000372 , 9472394007
Kali nagar dumraon
According to new education policy
website : www.Stjohnsecondaryschol.com
Email ID : st.jonsecondary@gmail.com

कोलतार के साथ ही सिगल यूज्ड प्लास्टिक वेस्ट का भी सड़क निर्माण में किया जा रहा है इस्तेमाल

यूपी सरकार की मुहिम: सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे से होगा सड़क निर्माण

◆ कचरा निस्तारण के साथ ही टिकाऊ सड़क निर्माण को भी सुनिश्चित कर देश के अन्य राज्यों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत कर रही योगी सरकार

केटी न्यूज/लखनऊ

उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने के साथ इसके निस्तारण की एक ऐसी प्रक्रिया को काम पर लगाया है जो पूरे देश में मिसाल बन गई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में सीएम योगी के विजन अनुसार सड़कों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए कोलतार के साथ ही सिंगल यूज्ड प्लास्टिक वेस्ट का भी इस्तेमाल बड़े स्तर पर किया जा रहा है और इससे सड़कें कम लागत में तैयार होने के साथ ही बेहद टिकाऊ तरीके से अवस्थित रहती हैं। इतना ही नहीं, इस प्रक्रिया के जरिए सिंगल यूज्ड प्लास्टिक कचरे को उचित तरीके से बिना प्रदूषण निस्तारित किए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है। इस तरह योगी सरकार की यह पहल एक नहीं कई मायनों में खास है और यही कारण है कि देश-दुनिया में योगी सरकार के इस प्रयास की चर्चा हो रही है। वहीं, लोक निर्माण विभाग के आंकड़ों अनुसार उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने इस प्रक्रिया के जरिए कुल 813 किमी की लंबाई में सड़कों का निर्माण व सुदृढ़ीकरण कराया है। कुल मिलाकर, 466 सड़कों व मार्गों को नवीन तकनीक से प्लास्टिक मार्ग के तौर पर सुदृढ़ करने में मदद मिली है। वर्ल्ड बैंक ब्लॉग्स की रिपोर्ट के अनुसार प्लास्टिक से सड़क बनाने के मामले में भारत अग्रणी है और यहां 2500 किलोमीटर से ज्यादा की सड़कें प्लास्टिक से बनी हैं। सड़कों के निर्माण की यह प्रक्रिया अमेरिका समेत दुनिया के 15 देशों में इस्तेमाल में लाई जा रही है और इस लिहाज से उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने अपने कार्यकाल में 813 किमी कुल लंबाई में प्लास्टिक से सड़कों का निर्माण करना इस बात को दशार्ता है भारत में उत्तर प्रदेश ही इस प्रक्रिया के अग्रणी राज्य के तौर पर देखा जाता है। उल्लेखनीय है कि प्लास्टिक सड़कों से इतर भी योगी सरकार तेजी से प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और इसके लिए नई अवसंचरनाओं के विकास को प्राथमिकता देती है।

CMYK

प्राणपुर उर्दू मध्य विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन, छात्राओं ने अपने कला किया प्रदर्शन

◆ छोटे बच्चों ने गीत संगीत का बांधा शमां बांधा,देशभक्ति गीत, लोकगीत से उपस्थित दर्शकों को किया मंत्र मुग्ध

केटी न्यूज/औरंगाबाद

गोह प्रखंड के राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय प्राणपुर में बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति किया। छोटे बच्चों ने गीत संगीत का ऐसा शमां बांधा की सभी लोग मंत्र मुग्ध हो गए। विद्यालय के प्रभारी मो.शाहिद आलम एवं शिक्षका निधि पाल के निर्देशन में बच्चो ने देशभक्ति गीत, लोकगीत सहित कई अन्य फिल्मी गीत के मधुर गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। बेहतर प्रस्तुति देने वाले बच्चो को समग्र शिक्षा अभियान के सामुदायिक प्रशिक्षक अनिरुद्ध विश्वकर्मा उर्फ दिलीप द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मूल्य उद्देश्य एक इंसान बनना है। सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करता हैं। सरकारी विद्यालय में इस तरह के हो रहे कार्यक्रम को उन्होंने विद्यालय के शिक्षको को सराहना किया और अभिभावकों से भी बच्चो में चहुमुखी विकास में अहम योगदान करने का अपील किया। विद्यालय की ओर से गीत नृत्य ने शामिल बच्चे आरिफ परवीन, अंजली, रेणु, सना, जीशान, अभिषेक, शिफ़्फ़ा, गुलिनस्ता परवीन, अंशु, सपना, सूर्यमणि, मो.शमशाद, संजू, ममता, साफ्शाना परवीन सहित दर्जनों बच्चो को सेटेशनरी एवं मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर शिक्षक मो.रफीक आलम, संजय कुमार, ब्रजेश कुमार, शिक्षा समिति के सचिव रिंकू देवी, अर्जुन विश्वकर्मा, आरिफ हुसैन, संजय प्रसाद सहित कई शिक्षविद उपस्थित थे।

8 मार्च से तीन दिवसीय आयोजित किया जाएगा देवकुंड महोत्सव

औरंगाबाद । जनेश्वर विकाश केंद्र एवं जन विकाश परिषद की संयुक्त रूप से बैठक का आयोजन जिला अधिवक्ता संघ भवन में रामजी सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया की देवकुंड महोत्सव शिवरात्रि एवं महिला दिवस 8 मार्च से शुरू होकर 10 मार्च तक आयोजित होगा। महोत्सव स्थानीय लोगों के सहयोग से देवकुंड में ही आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। प्रयास सफल नहीं होने पर यह कार्यक्रम औरंगाबाद में ही आयोजित किया जाएगा ।सीता थापा महोत्सव की तिथि भी शीघ्र तय कर लिया जाएगा ।उक्त दोनों महोत्सव की रूपरेखा तय करने हेतु शीघ्र ही अगली बैठक आयोजित किया जाएगा । इस हेतु शिक्षक हेरम्ब कुमार मिश्रा ,उज्जवल रंजन एवं सिहेंश्वर सिंह को लेकर एक उप समिति बनाई गई है जो महोत्सव के आयोजन के संबंध में उचित जगह और कार्यक्रम का चयन करेंगे। अन्य प्रस्ताव के द्वारा 21 फरवरी को विश्व मातृभाषा दिवस आयोजित करने किया जाएगा ।इसके रूपरेखा तय करने हेतु लालदेव प्रसाद ,कवि लवकुश प्रसाद सिंह एवं प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद सिंह को जिम्मेदारी दी गई है ।बैठक में लेखक एवं संपादक डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा , ज्योतिष विद शिवनारायण सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय सिंह,कवि रामकिशोर सिंह ,कालिका प्रसाद सिंह, लवकुश प्रसाद सिंह,प्रोफेसर दिनेश प्रसाद ,प्रोफेसर संजीव रंजन,प्रो राजेंद्र प्रसाद सिंह,संकट मोचन मंदिर शिवगंज का सचिव गोकुल सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रसाद सिंह सत्यचंडी महोत्सव महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ,दो मोहन मंदिर समिति के अध्यक्ष सिहेंश्वर सिंह, पपरता धाम के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, शिक्षक हेरम्ब कुमार मिश्रा,उज्जवल रंजन, सिंह, धर्मेन्द्र कुमार सिंह,आरएसएस के जिला कार्यवाह अरुण कुमार सिंह सिंह , जन विकास परिषद के पूर्व सचिव रामचंद्र सिंह मौजूद रहे।

खबरें फटाफट

वारंटी गिरफ्तार ,भेजा गया जेल

औरंगाबाद। बन्देया पुलिस ने शानिवार की रात शेखपुरा गांव में छापेमारी करते हुए तीन फरार वारंटी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश पासवान ने बताया कि शेखपुरा गांव निवासी उदय पासवान, बिजय पासवान व कपिल पासवान तीनो पर न्यायालय से वारंट निर्गत था। जिसके आलोक में तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तिहार

औरंगाबाद। कुटुंबा थाना की पुलिस ने विगत वर्ष मोहर्रम के जुलूस के दौरान दो गांवों के बीच हुई झड़प के अभियुक्तों के घर डुगडुगी बजाकर इश्तिहार चिपकाया गया है ।विदित हो कि विगत वर्ष मोहर्रम की जुलूस के दौरान सांड़ी एवं बंदुआ गांव के लोगों के बीच झड़प हुई थी। तब से उक्त मामले के अभियुक्त फरार चल रहे थे। यह कार्यवाही एसआई माया कुमारी के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह बंदुआ गांव निवासी युसूफ, फैजी, राजा, चांद आलम, मोहम्मद नवाज और उमरताज के घर इश्तिहार चिपकाया गया है।

चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर गांव के समीप रविवार की दोपहर की घटना

बेलगाम ट्रक की चपेट में आने से सड़क पार कर रहे बुजुर्ग की मौके पर मौत

केटी न्यूज/आरा

आरा। चांदी थाना क्षेत्र के फरहंगपुर (करजा) गांव के समीप रविवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग किसान को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृत किसान चांदी थाना क्षेत्र के बहियारा गांव निवासी 66 वर्षीय मो. साकिर मियां थे। घटना को लेकर लोगों के बीच अपरा-तफरी मची रही।इसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर उक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। किसान के भतीजे मो.शमीम अंसारी ने बताया कि वह खेत से आलू लेकर घर आ रहे थे और सड़क किनारे एक लाइन से कई ट्रक लगी हुई थी। जैसे ही वह आलू लेकर सड़क पार कर रहे थे। तभी बेलगाम ट्रक उन्हें रौंद दिया और वह उन्हें कुछ दूर तक पर घसीटते हुए ले गया।जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी आसमा बेगम व दो पुत्री तमन्ना परवीन,खुशबू परवीन एवं एक पुत्र मो.मुस्तफा है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी आसमा बेगम एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इंटर की छात्रा ने कर ली खुदकुशी

आरा। भोजपुर के बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव में रविवार दोपहर इंटर की एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। वह अपने कमरे में दुपट्टा के जरिए पंखे की कुंडी से लटक गयी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाये जाने पर डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत छात्रा कोल्हरामपुर गांव निवासी रवि शंकर साह की 19 वर्षीया पुत्री अंशु कुमारी थी। वह पटना जिले के दरियापुर गांव अपने नाना के घर पर रहकर पढ़ाई करती थी। उसके पिता रवि शंकर साह ने बताया कि वह दस दिन पूर्व ही गांव आयी थी। उसकी शादी की बात चल रही थी और 30 तारीख को वे लोग पटना जिला के दानापुर के समीप एक गांव में उसके लिए लड़का देखने के लिए जाने वाले थे। इस बीच उसने अपने कमरे दुपट्टे के जरिए पंखे के कुंडी से लटक कर जान दे दी।

बोरसी से आग तापने में झुलसने से दूसरी क्लास की छात्रा की मौत

आरा। बड़हरा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर सिमरिया गांव में बोरसी से आग तापने में एक बच्ची की मौत हो गई। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल के बर्न वार्ड में उसने रविवार की शाम दम तोड़ दिया। मृत बच्ची ज्ञानपुर सिमरिया गांव निवासी रामप्रीत यादव की 7 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी थी। वह दूसरी कक्षा के छात्रा थी। उसकी बुआ चंदा देवी ने बताया कि वह घर में बोरसी पर आग ताप रही थी। उसी दौरान वह बुरी तरह झुलस गई। इसके बाद घर की छोटी एक बच्ची ने उसे झुलसते देखा, तो घरवालों को सूचना दी। उसके बाद परिजन फौरन वहां पहुंचे और आग को बुझाया। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। रविवार की शाम इलाज के उसने दम तोड़ दिया। बच्ची अपने छह बहनों में दूसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां कविता देवी, बहन पिंकी, नैना स्वीटी, निराशा और भीलू है।

एक नजर

दोस्त के साथ मिलकर युवक ने साली से किया दुष्कर्म, दोनों गिरफ्तार

आरा। बड़हरा थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुराल आये युवक द्वारा दोस्त के साथ मिलकर साली से दुष्कर्म किये जाने का एक मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार की शाम की बतायी जा रही है। उस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।? उनमें धनजी बिंद और उसका दोस्त दिलीप बिंद है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम धनजी बिंद अपने दोस्त के साथ घूमने ससुराल आया था। वहां वह अपनी साली को फुसलाकर कर दियारा क्षेत्र में लेकर गया था। उसके बाद उसने दोस्त के साथ साली से बारी-बारी से दुष्कर्म किया। इधर, युवती को गायब देख परिजनों द्वारा इसकी खोजबीन शुरू की गयी। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया। अगले दिन लड़की अस्वस्थ अवस्था में घर पहुंची और जीजा उसके दोस्त की घटना की जानकारी दी। उसके बाद परिजन युवती को लेकर थाना पहुंचे और शिकायत पर दर्ज करायी गयी। उसके बाद पुलिस द्वारा छापेमारी कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस युवती की मेडिकल जांच और बयान दर्ज कराने के बाद आगे की कार्रवाई में जुटी है।

साईकिल सवार को बचाने में स्कार्पियो दुर्घटना ग्रस्त,दो जख्मी

औरंगाबाद। गोह थानाक्षेत्र के दुल्ला बिगहा नहर के समीप रविवार की सुबह एक साइकिल सवार को बचाने में स्कार्पियो दुर्घटनाग्रस्त हो गई।जिसमें दो लोग जख्मी हो गए।सूचना पर पहुची गोह पुलिस की मदद से दोनो घायलो को समुदायिक स्वाथ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां के चिकित्सकों ने प्रारम्भिक इलाज के बाद बेहतर इलाज को लेकर मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया है।बताया जाता है कि रोहतास के नरेंद्र कुमार अपने स्कार्पियो से सवार होकर चालक के साथ पटना एक मीटिंग में जा रहे थे।जैसे ही स्कार्पियो दुल्ला बिगहा नहर के समीप पहुचे की एक साइकिल सवार सामने आ गया।जिससे साइकिल व स्कार्पियो में टक्कर हो गई।जिसमे साइकिल सवार बाजार बर्मा गांव निवासी रामानंद सपेरा व स्कार्पियो सवार नरेंद्र कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर होते ही चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुचकर दोनो घायलो को अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया जहां से दोनों को रेफर कर दिया गया है।

नीतीश ने बिहार की जनता को गिरवी रख दिया

आरा। तेजी से बदले बिहार के सियासत में अब नीतीश कुमार एनडीए के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले हैं। महागठबंधन से नाता तोड़ने के बाद आरजेडी से प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। राजद पार्टी से जिला प्रवक्ता आलोक रंजन ने कहा कि हमलोग तो विकास की राजनीति करने के लिए आए हुए थे। रोजगार के सवाल पर, नौकरियों के सवाल पर तेजस्वी चुनाव में आए थे। नीतीश पाला बदलकर बिहार के अस्तित्व को गिरवी रख रहे हैं।

एनडीए की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकताओं ने बांटी मिठाई

केटी न्यूज/जहानाबाद

स्थानीय अरवल मोड़ पर भारतीय जनता पार्टी के जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने मिलकर बिहार में जंगल राज के छुटकारा पाने के लिए एनडीए के साथ फिर से सरकार बनाए जाने पर खुशी का इजहार किया।

भाजपा नेताओं ने कहा कि केंद्रीय टीम द्वारा लिया गया फैसला बिहार हित में अच्छा है, भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बिहार में जो विकास का रफ्तार कम हो गया था उसे फिर से रफ्तार को तेज करने के लिए एनडीए की सरकार बनी है और डबल इंजन की सरकार के साथ बिहार वासियों को एक नए उदय के साथ फिर हम इस गठबंधन के साथ विकास के गति को तेज करेंगे। भाजपा के 400मिशन को सफलता मिलेगी।बिहार में फिर से सुशासन के राज्य को कायम करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा को बहुत-बहुत बधाई जो बिहार को जंगलराज से मुक्ति पाने के लिए कदम उठाए।

बिहार का विकास पटरी से जो उतर गया था उसे पटरी पर लाने के लिए हम सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी एवं विधानसभा के नेता विजय कुमार सिन्हा को उपमुख्यमंत्री एवं प्रेम कुमार को मंत्री बनाए जाने एवं सामाजिक समीकरण के साथ जननायक कपूरी ठाकुर के ब्सपनों को साकार करने के लिए यह कदम जरूरी थी।

खुशी मनाने वालों में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष, जिला महामंत्री ,जिला मंत्री, नगर कमिटी एवं पार्टी के कार्यकर्ता अरवल मोड पर उपस्थित रहे।

शराब की बड़ी खेप जब्त, अक्सर तस्करों का फरार हो जाना कौतूहल का विषय

औरंगाबाद। कुटुंबा थाना की पुलिस ने रविवार की सुबह हरिहरगंज-टंडवा रोड में मदुपुर गांव के समीप से शराब की बड़ी खेप जप्त की, परन्तु इस कार्यवाही में तस्कर पुलिस का चकमा देकर फरार हो गया। यह कार्यवाही पीएसआई प्रशांत त्रिवेदी ने की। उन्होंने बताया कि तस्कर सफेद रंग की स्विफ्ट कार में शराब लादकर झारखंड से बिहार की तरफ से आ रहा था। कार को जप्त कर थाना लाया गया। जांच के दौरान गाड़ी के अंदर से अलग-अलग ब्रांड की 260 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। कुटुंबा थाना की पुलिस द्वारा शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान में अक्सर तस्करों का फरार हो जाना जनता के बीच कौतूहल का विषय बना हुआ है। ऐसे दर्जनों मामले हैं जिसमें तस्कर आसानी से पुलिस को चकमा देकर फरार हो जा रहे हैं।

प्रधान दंडाधिकारी ने किया बाल सुधार गृह गया और प्लेस ऑफ सेफ्टी का निरीक्षण

केटी न्यूज/औरंगाबाद

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी न्यायधीश सुशील कुमार सिंह ने बाल सुधार गृह गया और प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी औरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि बाल सुधार गृह गया में औरंगाबाद के 30 विधि विरुद्ध किशोर है। वहीं प्लेस ऑफ सेफ्टी बभंडी औरंगाबाद में औरंगाबाद के 04 विधि विरुद्ध किशोर है। निरीक्षण के दौरान सुशील कुमार सिंह, प्रधान दंडाधिकारी किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद ने साफ सफाई, खान-पान, पेयजल की व्यवस्था देखा और परिसर तथा शौचालय सफाई नियमित कराने का आदेश दिया। ठंड से बचने के समुचित व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। वहीं विधि विरुद्ध किशोरों से समस्या जानने का प्रयास किया और उन्हें अनुशासन से रहने का सलाह दी और उपस्थित अधिकारियों को जरूरी आदेश दिया। इस अवसर पर किशोर न्याय परिषद औरंगाबाद के सदस्य प्रवीण कुमार उपस्थित थे।

PATHWAYS WORLD SCHOOL
DUMRAON
(a unit of BIHAR CENTRAL SCHOOL, Buxar)
ADMISSION
OPEN
for Nursery to Grade-8
Session 2024-2025
School with a difference
Based on the CBSE Curriculum. under the aegis of SRWD Society
Scan For Registration
Er. R.V.B. Singh
Director
Dr. R. Raghwan
7372002024, 06183-223465
Textile Colony, Bada Bagh Road, Nr Maharaja Marriage Garden, East Railway Gumti .DUMRAON,BIHAR-802119
www.facebook.com/schoolworldpathways schoolworldpathways
E-mail : schoolworldpathways@gmail.com | Website : www.pathwaysworldschool.in

www.jaipuriaschooldumraon.in
SETH M. R. JAIPURIA SCHOOL, DUMRAON
I AM INFINITE & I AM JAIPURIA
I AM AN ALL ROUNDER WITH 40+ ACTIVITIES
SETH M.R. JAIPURIA SCHOOL DUMRAON
INDIA'S PREMIER SCHOOL CHAIN
50+ SCHOOLS | 35 CITIES | 2500+ EDUCATORS | 40000+ STUDENTS
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2024-25 NURSERY TO CLASS VIII
+91 8757483567 / 9234997316

एसपी ने तीन थानाध्यक्ष समेत 34 पुलिस पदाधिकारियों का किया तबादला

◆ नव पदस्थापित थानों में शीघ्र योगदान का मिला निर्देश, निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुआ तबादला

केटी न्यूज/बक्सर

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसपी मनीष कुमार ने लंबे समय से एक ही जगह पर तैनात दारोगा स्तर के 34 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। उन्हें शीघ्र ही अपने नव पदस्थापित थानों में योगदान का निर्देश दिया गया है। जिन प्रमुख पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है, उनमें सिमरी थानाध्यक्ष अमन कुमार, इटाढ़ी थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय व बगेन गोला के थानाध्यक्ष नवीन कुमार शामिल है। अमन कुमार को सिमरी से औद्योगिक थाना, इटाढ़ी थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय को नावानगर थाना तथा बगेन थानाध्यक्ष नवीन कुमार को नगर थाना बक्सर में ट्रांसफर किया गया है। इसके अलावे पुलिस अवर निरीक्षक कुमारी रश्मि को औद्योगिक थाने से डुमरांव, प्रियंका कुमारी को मुफस्सिल से नावानगर, मोना कुमारी को इटाढ़ी से मुरार, स्वाति कुमारी को महिला थाना बक्सर से कोरानसराय, कनिष्का तिवारी को कोरानसराय थाने से महिला थाना बक्सर, नावानगर की अपर थानाध्यक्ष पूजा कुमारी को औद्योगिक थाना बक्सर, खुशबू कुमारी को ब्रह्मपुर से मुफस्सिल थाना बक्सर, जयप्रकाश को डुमरांव थाना से नगर थाना बक्सर, रौशन अली को सोनवर्षा ओपी से राजपुर थाना, संजय पासवान को राजपुर से सोनवर्षा ओपी थाना, उमाशंकर गुप्ता को नगर थाना बक्सर से नावानगर थाना, महेन्द्र राम को मुफस्सिल थाना से सिमरी थाना, इंद्रदेव सिंह को इटाढ़ी से डुमरांव, राजकुमार को मुरार से नगर थाना बक्सर, गौतम हरिजन को नावानगर थाना से अनुसूचित जाति जनजाति थाना बक्सर, अशोक कुमार को कृष्णाब्रह्म से अनुसूचित जाति जनजाति थाना बक्सर, गौरीशंकर झा को बगेन थाना से मुफस्सिल थाना, सुबोध कुमार झा को नैनीजोर से मुफस्सिल थाना, बृजराज प्रसाद को औद्योगिक थाना से बगेन गोला, मो. जुबैर खां को इटाढ़ी से सिमरी, बरूण कुमार यादव को महिला थाना से नैनीजोर ओपी थाना, नंदू कुमार को अनुसूचित जाति जनजाति थाना बक्सर से नावानगर थाना, नेजाम अख्तर को अनुसूचित जाति जनजाति थाना से डुमरांव, लालमुनी देवी को अनुसूचित जाति जनजाति थाना से वासुदेवा ओपी, प्रमोद कुमार पासवान को डुमरांव थाना से अनुसूचित जाति जनजाति थाना बक्सर, दीपक कुमार को डुमरांव से औद्योगिक थाना, वासुदेवा ओपी के अपर थानाध्यक्ष मो. हामिद को धनसोई थाना, गंगा दयाल ओझा को ब्रह्मपुर थाना से औद्योगिक थाना बक्सर, विद्यानंद उपाध्याय को मुफस्सिल थाना से कोरानसराय थाना, टुनटुन शुक्ला को रामदास राय के डेरा ओपी थाना से मुफस्सिल थाना तथा अजय कुमार पांडये को नैनीजोर से इटाढ़ी थाना में तबादला किया गया है। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को अविलंब अपने नयें थाने में योगदान का निर्देश दिया है।

चार माह की बच्ची को ट्रैक्टर ने रौंदा, जांच में जुटी पुलिस

◆ महादलित परिवार की है बच्ची, सड़क किनारे सुला खेत में काम कर रहे थे माता पिता

केटी न्यूज/केसठ

रविवार को नावानगर थाना क्षेत्र के महादेवगंज गांव में एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। एक लापरवाह टैज्क्टर चालक ने सड़क किनारे सो रही चार माह की बच्ची को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त उसके माता पिता खेत में मजदूरी कर रहे थे। घटना गांव के काली मंदिर के पास शाम में घटित हुई है। मृतक की पहचान केसठ गांव निवासी अरुण मुसहर की चार माह की पुत्री चांदनी कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार पुत्री के पिता और माता बधार में काम कर रहे थे और अपनी पुत्री को सड़क किनारे सुलाए हुए थे। तभी तेज रफ्तार से अनियंत्रित एक ट्रैक्टर चालक ने सोई हुई बच्ची को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। वहीं परिजनों ने स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो का बुरा हाल है। वही महादलित बस्ती में घटना की सूचना मिलते बस्ती वालों का आक्रोश गहरा गया। बस्ती वाले उक्त टैज्क्टर चालक को पकड़ उसे सजा देने की मांग कर रहे थे। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। फरार टैज्क्टर चालक के पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

चौगाई में जमीन विवाद में आठ-दस राउंड फायरिंग, कोई हताहत नहीं

चौगाई। रविवार की सुबह जमीन विवाद में मुरार थाना क्षेत्र का चौगाईं गांव दहल उठा। एक पक्ष के समर्थन में बाहर से आए अपराधियों ने ताबड़तोड़ आठ-दस राउंड फायरिंग कर दिया। जिससे गांव में दहशत मच गई। हालांकि इस घटना के प्रतिरोध में दूसरे पक्ष द्वारा ईंट पत्थर भी चलाया गया। जिससे भगदड़ मच गई तथा कुछ लोग आंशिक रूप से जख्मी भी हुए है। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। वही पुलिस ने मौके से खोखा बरामद किया है, जो इस बात की पुष्टि कर रही है कि यहां फायरिंग हुई है। वही सूत्रों की मानें तो बाइक सवार करीब आधा दर्जन अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। फायरिंग करने के बाद वे हाथों में कट्टा लहराते आराम से फरार हो गए। जबकि घटना के बाद से गांव में जबदस्त तनाव है, पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। सूचना मिलते ही डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी भी चौगाईं पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के नन्हें सिंह के पटीदार की एक जमीन बक्सर में थी जिसे देवी कुमार सिंह के पुत्र सोनू कुमार सिंह ने बिचौलिए की भूमिका निभा बिक्री करवा दिया है। इसी बात से दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि कई बार यह विवाद हिंसक रूख अख्तियार कर चुका था। वही शनिवार की रात डुमरांव में आयोजित एक शादी समारोह में भी दोनों पक्ष आमने सामने आ गए थे। लेकिन लोगों ने बीच बचाव कर उन्हें वहां से हटा दिया। रविवार की सुबह भी चौगाईं में पंचायती हुई थी तथा दोनों पक्ष शांत हो गए थे। लेकिन फिर थोड़ी देर बाद ही पहले फोन पर एक दूसरे को गाली गलौज देने लगे। जिसके बाद विवाद बढ़ गया तथा एक पक्ष के कुछ असमाजिक तत्व चौगाईं पहुंचे और आते ही दहशत मचाने के लिए फायरिंग करना शुरू कर दिए। जिससे गांव में अफरा तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। पुलिस फायरिंग करने वालों के शिनाख्त में जुट गई है। इस संबंध में डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि चौगाईं में जमीन विवाद में फायरिंग किया गया है। फायरिंग करने वाले दूसरे गांव से आए थे। उनकी पहचान की जा रही है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

औद्योगिक थाने के पूर्व प्रभारी की पटना में सड़क हादसें में मौत

केटी न्यूज/बक्सर

औद्योगिक थाने व मुफस्सिल गुमटी पोस्ट के पूर्व प्रभारी रहे तथा वर्तमान में जीआरपी पटना के प्रभारी राजीव कुमार राम का निधन हो गया है। वे सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उनका इलाज गुड़गांवके मेदांता अस्पताल में चल रहा था। शनिवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांसे ली। इसकी खबर मिलते ही जिले के पुलिस व जीआरपी में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को उनका शव बक्सर लाया गया। जीआरपी पोस्ट पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर परंपरागत तरीके से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वही मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। जीआरपी प्रभारी अरुण कुमार पासवान और जवानो ने उन्हें पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जानकारी के अनुसार वे भोजपुर जिला के जगदीशपुर के मूल निवासी थे तथा वर्ष 2009 बैच के एसआई थे जिनका वर्तमान पदस्थापन जीआरपी दानापुर में बतौर प्रभारी हुआ था, इसी बीच उन्हें प्रशिक्षण कैम्प में जवानो को ट्रेनिंग देने के लिए डिहरी भेजा गया था। जहा से प्रशिक्षण समाप्ति के बाद 21 नवंबर को दानापुर योगदान देने लौट रहे थे कि बिहटा में उनकी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें वो कोमा में चले गए थे। जिनका इलाज पटना में चला जिसके बाद मेदांता गुड़गांव ले जाया गया था। लेकिन इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। उनके निधन से परिजन भी मर्माहत है, जबकि पुलिसकर्मियों में शोक की लहर है। बता दें कि बक्सर के अंबेडकर चौक के पास उनका ससुराल है। इस घटना से उनके ससुराल में भी कोहराम मच गया है। वे अपने पीछे पत्नी सत्या कुमारी, बेटा अमृत राज और बेटी तृप्ति राज के साथ भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। श्रद्धांजलि देनेवालों में रेल पुलिस लाइन सार्जेंट मेजर संदीप कुमार सिंह, एसआई फिरोज खान, विश्वजीत सिंह, सुनील कुमार, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार के अलावा प्रवीण कुमार, पप्पू प्रसाद, सतीश कुमार, चंद्रकिशोर, सुप्रभात गुप्ता, विक्की कुमार आदि शामिल रहे।

एक नजर

डुमरांव में दूसरे दिन भी पकड़े गए सैकड़ो बंदर

डुमरांव। डुमरांव में रविवार को भी बंदर पकड़ने का अभियान जारी रहा। दूसरे दिन भी सैकड़ो बंदरों को पकड़ा गया, जिन्हें रोहतास के पहाड़ी जंगलों में छोड़ा जाएगा। जबलपुर से बंदरों को रेस्क्यू करने आई टीम काफी तेजी से बंदरों को पकड़ रही है। जिसे देख शहरवासी काफी खुश नजर आ रहे है। बता दें कि डुमरांव नगर परिषद बंदरों का रेस्क्यू करवा उन्हें सुरक्षित जंगल में छोड़वा रही है। बंदरों को वन विभाग के रेंजर के देखरेख में रोहतास के पहाड़ी जंगलों में छोड़ा जा रहा है। इधर दो दिनों से बंदरों को पकड़े जाने से शहरवासी खुश नजर आ रहे है। लोगों ने इस काम के लिए नगर परिषद के चेयरमैन सुनीता गुप्ता तथा उनके पुत्र सह प्रतिनिधि सुमित गुप्ता को धन्यवाद दिया है। बता दें कि डुमरांव में बंदरों का आतंक काफी बढ़ गया था। शरारती बंदरों के कारण कई मोहल्लों में लोग अपने छतों पर जाने से भी कतराते थे। वही कई बार बंदर आक्रामक रूख अख्तियार कर लोगों को नोच या काटकर जख्मी कर देते थे। जिससे उनमें रैबिज फैलने का खतरा बना हुआ था। चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि शहर के सभी इलाकों से बंदरों के पकड़े जाने तक यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए नगर परिषद लोगों से शुल्क नहीं ले रही है, बल्कि यह नगर परिषद प्रशासन अपने खर्चे से करवा रही है।

बंद दुकान के पास खड़ी पंचर बाइक चुरा ले गए चोर

डुमरांव। डुमरांव में बाइक चोरों का आतंक किस कदर हावी है यह शनिवार को नया भोजपुर में देखने को मिला। हुआ यूं कि डुमरांव निवासी पुतुल कुमार अपनी पैशन प्रो बाइक जिसका नंबर बीआर 03 एल 6884 से नया भोजपुर गए थे। इस दौरान उनकी बाइक का एक टायर पंचर हो गया। वे नया भोजपुर पेट्रोल पंप के पास स्थित पंचर दुकान पर गए। लेकिन दुकान बंद थी। वे दुकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी कर आस पास के दुकानों पर जा दुकानदार का पता और मोबाईल नंबर खोजने लगे। थोड़ी देर बाद आने पर उनकी बाइक वहां से गायब हो गई थी। पुतुल ने काफी खोजबीन भी किया। लेकिन उनकी बाइक नजर नहीं आई। जिसके बाद उन्होंने नया भोजपुर ओपी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। गौरतलब है कि डुमरांव तथा आस पास के इलाकों में बाइक चोरों की घटनाएं आए दिन होती है। बावजूद पुलिस बाइक चोरी पर लगाम लगाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा पा रही है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

बिहार में फिर से होगा न्याय के साथ विकास

डुमरांव। बिहार में फिर से एनडीए के नेतृत्व में सरकार गठन होने से सुशासन मजबूत होगा। एक बार फिर से बिहार में न्याय के साथ विकास होगा। बिहार में सत्ता परिवर्तन के बाद उक्त बातें भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विन्ध्याचल राय ने केशव टाइम्स से कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व भाजपा लंबे समय से एक दूसरे के साथ रहे है। बिहार के विकास के लिए यही गठबंधन ठीक है, जो जनता को भी रास आता है। उन्होंने इसके लिए राष्ट्रीय नेतृत्व व बिहार के शीर्षस्थ भाजपा नेताओं को बधाई दी। उन्होंन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ ही नई सरकार में उपमुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा को भी बधाई दी और कहा कि बिहार में पिछले कुछ समय से अराजकता बढ़ी थी, जिस पर अब लगाम लग जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार के सभी 40 लोस सीटो पर एनडीए की जीत सुनिश्चत है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव में केन्द्र में एनडीए का कमल खिलेगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 के पार का सिर्फ नारा नहीं बल्कि हकीकत में बदलेगा। विपक्षियों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है।

बक्सर में भाजपा ने अबीर गुलाल उड़ा व एक दूसरे को मिठाई खिला किया खुशी का इजहार

केटी न्यूज/बक्सर

बिहार में एक बार फिर से भाजपा के सरकार में शामिल होने की खुशी में बक्सर में भाजपा कार्यकताओं ने अबीर गुलाल उड़ा तथा एक दूसरे को मिठाई खिला खुशी का इजहार किया। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री आदित्य चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने वीर कुंवर सिंह चौक पर ढोल ताशा व बाजे के साथ अबीर गुलाल लगाकर लोगों को मिठाईयां व लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया। भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही विजय चौधरी, सम्राट चौधरी जिंदाबाद के नारे भी लगाए। बता दें कि रविवार को नीतीश कुमार एक बार फिर से एनडीए में शामिल हो गए। इस मौके पर भाजपा कोटे से प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा को जहां उपमुख्यमंत्री बनाया गया है वही प्रेम कुमार को भी मंत्री पद दिया गया है। जिस कारण भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर है। आदित्य चौधरी ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर बिहार में फिर से कानून का राज स्थापित होगा। आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए की 40 की 40 सीट जीतेगी वह राष्ट्रीय स्तर पर 400 के पास पहुंचा देगी। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिशंकर गुप्ता, उमाकांत पांडे, राजू गुप्ता, गणेश सिंह, छोटेलाल साह, शिवकुमार शर्मा, मथुरा चौबे, मरीधर चौबे, कामेश्वर शर्मा, रवि केसरी, गुप्तेश्वर सर्राफ इत्यादि लोग उपस्थित थे।

महादलित परिवार के युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म

स्थानीय थाना क्षेत्र के अरियांव गांव में महादलित परिवार के एक युवक ने रविवार की दोपहर फांसी लगा आत्महत्या कर ली है। मृतक महादलित बस्ती के विश्वनाथ मुसहर का 35 वर्षीय पुत्र छोटक मुसहर है। हालांकि वह क्यों फांसी लगा लिया, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कृष्णाब्रह्म पुलिस ने शव को फंदे से उतार पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मिली जानकारी के अनुसार छोटक दोपहर में गांव से पूरब बधार में गया था। वह अपने घर से रस्सी ले गया था तथा इमली के एक पेड़ पर फंदा लगा फांसी पर झूल गया। लोग जबतक माजरा समझते तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने ही इसकी सूचना कृष्णाब्रह्म पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार परिजनों को सूचना दी। हालांकि परिजन भी कुछ बता नहीं सकें कि आखिर वह क्यों फांसी पर झूल गया। बहरहाल पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

यज्ञ में आए श्री श्री 1008 श्री बौराहा बाबा की उपस्थिति से बढ़ गया है श्रद्धालुओं का उत्साह

हनुमंत महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, अरणि मंथन व मंडप पूजन संपन्न

केटी न्यूज/डुमरांव

अरक में आयोजित हो रहे श्री हनुमंत महायज्ञ में मंडप परिक्रमा व प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। रविवार को अरक के साथ ही बड़ी संख्या में आस पास के गांवों के श्रद्धालु भक्त भी यज्ञ स्थल हनुमान मंदिर व पौहारी बाबा के समाधि स्थल मठिया पर पहुंच यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर कथामृत का श्रवण किए। इस दौरान आयोजन समिति के सदस्य विधि व्यवस्था को दुरूस्त रखने तथा यज्ञ घुमने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे दिन श्रमदान करते रहे। वही वैदिक विद्वानों द्वारा रविवार को अरणि मंथन, मंडप पूजन व हवनादि आदि कई तरह के धार्मिक आयोजन किया गया। जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केन्द्र बना रहा। यज्ञ मंडप में ब्राह्मणों द्वारा आहूतियां देने के दौरान वीर हनुमान व जय श्रीराम के नारों से यज्ञ परिसर गूंजायमान हो उठा। सुबह में ऐसा लग रहा था मानो यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए पूरा गांव ही उमड़ पड़ा हो। इस दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता था। वही बनारस से आए श्री श्री 1008 श्री बौराहा बाबा ने इस स्थल को पवित्र स्थल बताया और कहा कि उन्होंने वर्ष 1995 में इस जगह पर शतचंडी यज्ञ करवाया था। यह जगह प्रसिद्ध पौहारी बाबा की तपोस्थली है तथा उनकी समाधि यहां मौजूद है। उन्होंने बताया कि हनुमान मंदिर के स्थापना के रजत जयंति के अवसर पर इस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बौराहा बाबा ने कहा कि इस हनुमान मंदिर में सच्चे मन से जो मन्नत मांगता है उसकी मुरादे जरूर पूरी होती है। वही उन्होंने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है तथा रोग का नाश होता है।

Education at its Best
BCS KIDS a play school for blooming buds
ADMISSION FREE FOR GIRLS
visit us at www.biharcentralschool.com
BIHAR CENTRAL SCHOOL
A Co-educational English Medium School based on CBSE
By-Pass Road, Buxar, BIHAR - 802101
BRANCH
Station Road, Dumraon, BIHAR - 802119
BUXAR 707 080 5600 | DUMRAON 766 793 0415
bcsbuxar@gmail.com
follow us at www.facebook.com/bcsbuxar
IDEAL FOUNDATION FOR THE BRIGHT FUTURE OF YOUR CHILDREN

DESI SWAD FAMILY RESTAURANT
देशी स्वाद फैमिली रेस्टोरेंट
कुछ अलग खाने का है मन
ऑनलाइन मंगाए
आनंदित करे क्षण
FREE HOME DELIVERY
शहीद गेट गोला रोड़, डुमरांव, मोबाइल नम्बर: +91- 8651090151

डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

◆ डीएम ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध में ली जानकारी

केटी न्यूज/ गाजीपुर

जिलाधिकारी अर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जिला जेल का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम एवं एसपी ने जिला कारागार में कैदियों से उसके स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं छोटी-छोटी वस्तुओं के बारे में जानकारी ली एवं कारागार चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष बैरक, रसोई घर, का निरीक्षण किया तथा कारागार में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के संचालन व्यवस्था की जांच की। डीएम ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती कैदियों से बीमारियों के संबंध मे पूछा तथा उनके खान-पान एवं साफ-सफाई की जानकारी ली। जिला कारागार के हवालात कार्यालय के स्टाक रजिस्टर की जांच की गई, इसके पश्चात बारी-बारी से सभी बैरकों का निरीक्षण किया गया। कारागार में रसोई घर के निरीक्षण में प्रत्येक दिन बनने वाले भोजन के मीनू की जानकारी ली। डीएम ने बन्द कैदियों से पान गुटका एवं मोबाइल के बारे में पूछा। कैदियों ने बताया कि यहां कोई ऐसी वस्तु नहीं है। एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा मे मोबाइल का प्रवेश न होने पाए इसके लिए रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जायें इसके अतिरिक्त महिला बन्दी गृह में दी जा रही सुविधाओं के बावत जानकारी ली। ठंड पर एहतीयात बरतने का निर्देश दिया ।

प्रदेश में नंबर-1 थाना बना सादात, गृहमंत्री अमित शाह ने भेजा प्रमाण-पत्र

गाजीपुर। देश के गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित मापदंडों पर खरा उतरने पर सादात थाने को वर्ष 2023 के लिए उत्तर प्रदेश में श्रेष्ठ थाने के रूप में चुना गया है। इसके लिए जारी भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह व देश के गृह सचिव अजय भल्ला द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति -पत्र जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सादात थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी को प्रदान किया। डीएम ने गणतंत्र दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने और ध्वजारोहण के उपरांत सामाजिक एवं जन उपयोगी कार्य किये जाने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कड़ी में थाना सादात को गृहमंत्रालय भारत सरकार द्वारा श्रेष्ठ थाने के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डीएम व एसपी ने जनपद गाजीपुर में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कुल 59 पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें थाना सादात पर नियुक्त उप निरीक्षक राजबली व हेड कांस्टेबल कृष्ण चन्द चौरसिया को उत्कृष्ट सेवा पदक देकर सम्मानित किया गया। खानपुर थानाध्यक्ष प्रवीण यादव व नंदगंज थानाध्यक्ष को भी सम्मानित किया।

एक नजर

42 रक्त वीरों ने रक्तदान कर की मानवता की सेवा

चंदौली। सदर कोतवाली` परिसर में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। इसमें सदर सर्किल औरे पुलिस लाइन में तैनात पुलिस कर्मियों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। जहां पर कुल 42 लोगों ने रक्तदान कर पुण्य के भागीदार बने। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसपी डॉक्टर अनिल कुमार ने फीता काटकर किया।वहीं कार्यक्रम में पहुंचे एसपी डा. अनिल कुमार ने रक्तदान करने वाले पुलिसे कर्मियों का हौसला बढ़ाया और प्रशस्ति पत्रे देकर उन्हे सम्मानित किया। कहा कि रक्तदान करके हम किसी जरूरतमंद को जीवन प्रदान करे सकते हैं। ऐसे में समाज के सभी लोगों के ऐसे नेक कार्य करने के लिए आगे बढ़कर सभागिता करनी चाहिए।

संविधान बचाना है तो कांग्रेस को लाना है

गड़वार। कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं द्वारा रविवार की दोपहर खरहाटार स्थित काली माता मंदिर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। यात्रा खड़ीचा, त्रिकालपुर, गड़वार बाजार होते हुए गड़वार ब्लाक परिसर पहुंची, जहां पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान मार्ग में पड़ने वाले शहीद स्थलों व महापुरूषों की प्रतिमाओं पर कांग्रेस कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं वरिष्ठ नेताओं व पूर्व पदाधिकारियों के घर जाकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कन्हैया पांडेय ने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कार्यकताओं से पार्टी के मिशन 2024 की सफलता के लिए जी जान से जुट जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ही एक ऐसे नेता है जो सभी की लड़ाई लड़ रहे हैं। सरकार देश का संविधान बदलना चाहती है। ऐसे में संविधान कांग्रेस के ही नेतृत्व में बचेगा। न्याय यात्रा में हीराराम, डॉ सुरेश गोंड, सरल पाठक, राजनारायन उपाध्याय, विजय पाण्डेय, जितेन्द्र पाण्डेय, प्रधान राजेश राजभर, परमात्मानंद गोंड, प्रेमशंकर, अवधेश, अबुल फैज एवं गिरीश कांत गांधी के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे ।

सामूहिक विवाह योजना के तहत 175 जोड़ों की शादी

मऊ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत जूनियर हाई स्कूल घोसी मऊ में संपन्न हुई। विधायक घोसी सुधाकर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 175 जोड़ो की शादी कराई गई। जिसमें विकास खंड रतनपुरा के 34, शहरी क्षेत्र के 19, कोपागंज के 19, परदहां के 07, बडरांव के 15, फतेहपुर मंडाव के 33, घोसी के 33 एवं विकास खण्ड दोहरीघाट के 15 जोड़ो सहित कुल 175 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक घोसी विजय राजभर, पूर्व विधायक मधुबन उमेश पांडे, ब्लॉक प्रमुख घोसी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष घोसी, अधिशासी अधिकारी घोसी तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

हमले के विरोध में ग्राम प्रधानों ने थाने में दिया धरना

चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र के अमोघपुर गांव के प्रधान सुनील चौहान पर बीते शनिवार को हुए हमले से आक्रोशित ग्राम प्रधानों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को अलीनगर थाने में धरना दिया। वहीं सूचना पर पहुंचे एडिशनल एसपी विनय कुमार सिंह के आश्वासन के बाद ग्राम प्रधानों ने धरना समाप्त किया। इस दौरान भुक्तभोगी अमोघपुर गांव के प्रधान व प्रधान संघ के ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील चौहान ने कहा कि ग्राम समाज की जमीन पर ग्राम पंचायत की ओर से आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। इसी बीच अमोघपुर गांव के ही ओमप्रकाश व रामविलास पहुंचे। जो ग्राम प्रधान को मारने पीटने लगे। इसकी जानकारी भुक्तभोगी ग्राम प्रधान ने अलीनगर पुलिस को दी। लेकिन पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके विरोध में ग्राम प्रधान संघ आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए धरने पर बैठ गया।

रोजगार मेले में 644 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

मऊ। जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में डीडीयूजी के वाई के कौशल्य ग्राम योजना के अंतर्गत बृहद रोजगार मेले का आयोजन डीसीएसकेपीजी.कॉलेज परिसर मऊ में किया गया। मेले का शुभारंभ माननीय हौसला प्रसाद उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर 998 बेरोजगार अभ्यर्थियों मे से 644 अभ्यर्थियों को चुना।

खबरें फटाफट

आगे चल रहे टेलर में ट्रक ने पीछे से मारा टक्कर

बलिया। रसड़ा कस्बा के भगत सिंह तिराहे पर जगह-जगह सड़क पर गड्ढे होने व घने कोहरे के चलते आगे जा रहे टेलर में पीछे चल रहा ट्रक टक्करा कर क्षतिग्रस्त हो गया। संयोग अच्छा रहा कि ट्रक चालक व खलासी बाल-बाल बच गए। बता दे कि रविवार की सुबह आठ बजे ट्रक व टेलर बलिया से रसड़ा आ रहा थे। जैसे ही वे रसड़ा के भगत सिंह तिराहे पर पहुंचे की गड्ढा होने के कारण एकाएक टेलर ने ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे चल रहा ट्रक टकरा गया। जिसके बाद ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बता दें की बलिया-लखनऊ राजधानी मार्ग काफी दिनों से क्षतिग्रस्त हो गया है। आलम यह है कि इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है। जिससे आए दिन घटना घटित होती रहती है। जबकि प्रशासन व जनप्रतिनिधि इसी रास्ते से आते जाते है। बावजूद उनका ध्यान इधर नहीं जा रहा है।

सपा के कार्यक्रम में कुर्सियां रहीं खाली

चंदौली। चकिया विकासखंड के नेगुरा ग्राम पंचायत में समाजवादी पार्टी की ओर से विधानसभा स्तर पर पीडीए कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। जहां पर समाजवादी पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय पूर्व पदाधिकारियों की उपस्थिति होने के बाद भी कुर्सियां खाली रह जा रही हैं। जो लोगों में चर्चा का विषय बनी है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पीडीए के तहत गांव में पार्टी से जोड़ने के लिए विधानसभा वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार को चकिया विधानसभा क्षेत्र के नेगुरा गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, लेकिन जहां पर वर्तमान व पूर्व में राष्ट्रीय पदाधिकारी विभिन्न संगठनों की उपस्थित थे। वहीं विधानसभा अध्यक्ष चकिया प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि लोग सपा की इस कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं लेकिन किसानी के सीजन होने के कारण खाली रह गई। क्योंकि लोग कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद अपने कार्य को देखते हुए घर लौट गए।

कांग्रेसियों ने निकाला बाइक जुलूस

चंदौली। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में रविवार को कांग्रेस पदाधिकारियों की ओर से मोटरसाइकिल जुलूस ब्लॉक से लेकर प्रमुख बाजारों में पदयात्रा किया गया। इस दौरान राहुल गांधी के विचारों से लोगों को जागरूक किया। राहुल गांधी के नेतृत्व में युवाओं,महिलाओं, किसानों,व आम आदमी को न्याय दिलाने के लिए जो न्याय यात्रा मणिपुर से महाराष्ट्र तक के लिए निकाली गई है। उसको समर्थन व सहयोग करने की अपील लोगों से की गई। राहुल गांधी की न्याय यात्रा जब जनपद चंदौली में आएगी उस दिन बड़ी संख्या में सकलडीहा ब्लॉक से लोगों को सम्मिलित होकर न्याय की इस लड़ाई को और मजबूत करने की भी अपील की गई। प्रदेश महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने पार्टी का झंडा दिखा कर मोटरसाइकिल जुलूस को रवाना किया। यह जुलूस पूरे इलाके का भ्रमण करने के बाद समाप्त हुआ। जिसमें भारी भीड़ थी।

कृषि एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान में फर्जी तरीके से निकाली वैकेंसी

फर्जी नौकरी दिलाने वालों पर मुकदमा

◆ अभ्यर्थियों ने सरायलखंसी थाने के सामने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए किया विरोध प्रदर्शन।

केटी न्यूज/ मऊ

कृषि एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान में फर्जी तरीके से वैकेंसी निकाल कर नौकरी दिलाने के मामले में पांच अभ्यर्थियों के तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे पहले रविवार की सुबह सैकड़ो की संख्या में अभ्यर्थियों ने सरायलखंसी थाने के सामने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विरोध प्रदर्शन किया। करीब 15 मिनट के विरोध प्रदर्शन के बाद थाना प्रभारी द्वारा इस मामले में आला अधिकारियों को अवगत कराने के साथ इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। दर्ज मुकदमे के अनुसार सिद्धार्थ नगर जनपद के जोगिया थाना क्षेत्र के करहना गांव निवासी सरिता भारती पत्नी विनोद कुमार,बहराईच जनपद के हर्दी थाना क्षेत्र के विनीत कुमार पुत्र ललित मिश्रा, चंद्रसेन वर्मा, शेर बहादुर वर्मा पुत्र राम लोटन वर्मा, लव कुश पांडे पुत्र पप्पू पांडे सहित अन्य लोगों ने बताया कि 27 जनवरी सुबह दस बजे नगर पालिका कमेटी हॉल मऊ में कृषि एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान उत्तर प्रदेश मऊ के निदेशक संजय यादव, परियोजना निदेशक रसूल मोहम्मद, डिप्टी डायरेक्टर आनंद सिंह और सौरभ कुमार के द्वारा कुत्रचित वैकेंसी निकाली गई। जिसकी परीक्षा 13 नवंबर को लखनऊ स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर पर कराया कराया और 27 जनवरी जॉइनिंग लेटर के लिए मऊ जिला मुख्यालय पर बुलाकर फर्जी तरीके से हस्ताक्षर बनाकर जॉइनिंग लेटर दे दिया गया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने ऑनलाइन सोलह सौ रुपए अपने खाते में डलवाए और सभी पीड़ितों से बारह हजार पांच सौ रुपए प्रतिमा देने के लिए कहा गया था। बताया कि जब जॉइनिंग लेटर की ऑनलाइन जांच की गई तो वह फर्जी निकाला। जिसके बाद सैकड़ो की संख्या में अभ्यर्थियों ने सरलाकांक्षी थाने पर विरोध प्रदर्शन किया।

चाकू से हमला कर पेट्रोल पंप के मैनेजर को किया घायल

बलिया। बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के केवरा स्थित पेट्रोल पंप पर शनिवार की देर शाम लूट के इरादे से पंहुचे बाइक सवार बदमाशों ने असफल होने पर पेट्रोल पंप के मैनेजर पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद दहशत फैलाने के इरादे से बदमाशों ने फायरिंग कर सनसनी फैला दी। घटना के बाद बदमाश तमंचा लहराते हुए भाग निकले। पेट्रोल पंप के मैनेजर ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर छानबीन शुरू कर दिया। इस मामले में पुलिस ने घायल के तहरीर पर दो नामजद के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। बता दे कि बांसडीह कोतवाली के केवरा निवासी जयप्रकाश सिंह लक्ष्मण फिलिंग स्टेशन केवरा पर बतौर पंप मैनेजर के पद पर काम करते हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि देर शाम बाइक सवार दो युवक शाल ओढ़कर मुंह बांधे पंप पर पंहुचे और पेट्रोल देने की बात कही। जिस पर उनके द्वारा उन्हें बताया गया कि पेट्रोल समाप्त हो गया है। इसके बाद वे वहां से चले गए और कुछ देर बाद तेजी से वापस लौट कर आए। इस दौरान बाइक चला रहा युवक बाइक पर बैठा रहा। जबकि एक अन्य युवक जिसे संदेह के आधार पर पीड़ित ने पहचान लिया। उसने आफिस में बैठकर हिसाब कर रहे जयप्रकाश सिंह की तरफ बढ़कर पैसों पर झपट्टा मारा। कहा कि जल्दी पैसे दे दो नहीं तो गोली मार दूँगा। लेकिन मैनेजर ने पैसे काउंटर में डाल दिए। इसके बाद दोनों में हाथापाई होने लगी और बदमाश ने जयप्रकाश की जांघ में चाकू वार कर घायल कर दिया। इसके बाद उसने शोर मचाना शुरू किया तो आसपास बैठे अन्य लोग व पंपकर्मी घटनास्थल की तरफ दौड़े। जिन्हें आता देखकर हमलावर युवक ने दहशत फैलाने के लिए तीन राउंड गोली चला दी। इसके बाद वहां भगदड़ मच गयी और इसका फायदा उठाकर बाइक सवार वहां से भाग निकले। घटना के बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंप के कर्मचारियों से पूछताछ की। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे आदि की फुटेज देखा। मौके से पुलिस ने दो कारतूसों के खोखे भी बरामद किया। पुलिस ने देर रात घायल जयप्रकाश का मेडिकल कराया।वहीं घायल की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेत दो बाइक सवार युवकों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि घायल की तहरीर पर दो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

डॉ दमपति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे परिजन

केटी न्यूज/ बलिया

जिला महिला अस्पताल के सामने स्थित एक नर्सिंग होम के लिफ्ट में हुई महिला की मौत के मामले में चिकित्सक दंपति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजन रविवार को अपने गांव ककरी स्थित अपने आवास के सामने धरने पर बैठ गए। परिजनों का बयान लेने पहुंचे सीओ सदर को बगैर बयान के ही बैरंग वापस लौटना पडा। कारण कि परिजनों ने गिरफ्तारी होने तक बयान देने से इंकार कर दिया। परिजनों ने चेताया कि यदि दो दिन के अंदर चिकित्सक दंपति की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आत्मदाह करने के लिए बाध्य होंगे। नगरा थाना के ककरी गांव की मुन्नी वर्मा पत्नी देवेंद्र वर्मा बलिया की जिला महिला अस्पताल के सामने स्थित हालिस्टीक क्योर हास्पीटल में एडमिट अपनी बहू प्रज्ञा को लेकर भर्ती थी। 23 जनवरी को अचानक वह अस्पताल से गायब हो गई थी। परिजनों ने काफी तलाश किया। लेकिन उसका कही पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने उसी दिन कोतवाली बलिया में गुमशुदगी की तहरीर दी।

जल जीवन मिशन व विद्युत उपकेंद्रों हेतु जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें : डीएम

केटी न्यूज/ मऊ

जिलाधिकारी अरुण कुमार के अध्यक्षता में कैंप कार्यालय स्थित सभागार में एग्री स्टैक, कोर्टकेस/अवमानना वाद, आइजीआरएस के डिफॉल्ट प्रकरण, मानवाधिकार आयोग के लंबित प्रकरणों सहित कई अन्य योजनाओं की अद्यतन स्थिति के संदर्भ में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। एग्री स्टैक(ई-खसरा) की समीक्षा के दौरान जनपद के समस्त तहसीलों में खराब स्थिति पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए रविवार के दिन ही समस्त लेखपालों को गांवो में भेज कर कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में लेखपालों की उपस्थिति हेतु जीपीएस लोकेशन सहित फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने अगले तीन-चार दिनों में समस्त राजस्व ग्रामों में एग्री स्टैक योजना के तहत कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करने को कहा।

आइजीआरएस के डिफॉल्ट प्रकरणों की समीक्षा के दौरान डीएम ने पिछले 3 महीनो के डिफॉल्ट प्रकरणों की औसत ग्रेडिंग निकाल कर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग के उपकेंद्रों एवं गौशाला हेतु भूमि के प्रस्ताव की चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं हेतु अभी भी कई जगह भूमि की उपलब्धता न होने पर समस्त उप जिला अधिकारियों को अगले तीन दिनों के अंदर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार विद्युत विभाग के सब स्टेशनो हेतु भी भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश डीएम द्वारा दिए गए। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की स्थिति की समीक्षा के दौरान गत माह के मुकाबले इस माह अब तक कम कार्ड बनाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

विभिन्न खेलों में विजेता छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

200 मीटर की दौड़ में श्वेता कुमारी ने पाया प्रथम स्थान

केटी न्यूज/ गाजीपुर

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता स्पर्धा -2024 संपन्न हुई। क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद के मुख्य कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय रहे। उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए स्वस्थ नागरिक समाज के निर्माण के लिए खेल की आवश्यकता पर बल दिया और विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया। इसके पूर्व समारोहक डॉ. विकास सिंह, प्रोफेसर उमाशंकर प्रसाद, प्रोफेसर अनिता कुमारी एवं प्रज्ञा रेंजर, कलर पार्टी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बता दें कि 10,000 मीटर दौड़ में श्वेता मौर्य प्रथम, नेहा यादव द्वितीय और तनु पांडेय तृतीय स्थान पर जबकि 400 मीटर दौड़ में ममता कुशवाहा प्रथम, आरती यादव द्वितीय और किरण बिंद तृतीय स्थान पर रही।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
स्पर्धा

इसी प्रकार 200 मीटर की दौड़ में श्वेता कुमारी प्रथम, आराध्या कुमारी द्वितीय तथा प्रीति यादव तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि 800 मीटर दौड़ में आफरीन बानो प्रथम, उर्मिला द्वितीय, आरती यादव तृतीय स्थान प्राप्त कीं। 100 मीटर की दौड़ में रागनी कुशवाहा प्रथम, श्वेता कुमारी द्वितीय, तनु पांडे तृतीय स्थान पर रहीं। भाला प्रक्षेपण में ममता कुशवाहा प्रथम, रोमी परवीन द्वितीय, रागनी कुशवाहा तृतीय स्थान पर, गोला प्रक्षेपण में किरण बिंद प्रथम, आकांक्षा द्वितीय और कृतिका चतुवेर्दी तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि डिस्कस थ्रो में रोमी परवीन प्रथम, अंजलि द्वितीय और रुखसाना तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में ममता कुशवाहा प्रथम, आफरीन बानो द्वितीय, अर्चिता मौर्य तृतीय स्थान पर जबकि ऊंची कूद में कृतिका चतुवेर्दी प्रथम, आफरीन बानो द्वितीय एवं आराध्या तृतीय स्थान पर पाने में सफल रहीं। तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ममता कुशवाहा बीए प्रथम वर्ष इस वर्ष की स्पोर्ट्स चैंपियन बनी और प्राचार्य प्रोफेसर सविता भारद्वाज के हाथों से चैंपियंस ट्रॉफी प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में दौड़ प्रारंभकर्ता के रूप में डॉ. शैलेंद्र कुमार यादव, डॉ. मनीष सोनकर, डॉ. रामनाथ केसरवानी, दौड़ निर्णायक के रूप में डॉ. शशि कला, डॉ. शिल्पी राय, डॉ. ओम शिवानी आदि रहे। अभिलेख का कार्य डॉ. सर्वेश सिंह और डॉ. दिवाकर मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी डॉक्टर शिवकुमार, डॉ राजेश यादव, डॉ. गजनफर सईद, सहित अन्य मौजूद रहे।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप
के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी
डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक

गीता मोबाईल सेन्टर
एवं गीता इलेक्ट्रॉनिक
स्टेशन रोड, डुमराँव (बक्सर) 802119
Mob.-8294794444, 9334740080, 9709360674
ब्याज पर उपलब्ध
0%
फ्रीज, ए० सी०, कुलर, वाशिंग मशीन, LED TV, लैपटप, प्रिंटर, मोबाईल बैट्री, इन्भटर, डिफ्रिजर पंखा, आयरन, मिक्सर etc. उपलब्ध है।
BAJAJ FINSERV
HDFC FINANCE
HOME CREDIT

GEETA MOBILE CENTER
OPPO